Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a National Institute of Technology in Madhubani district, Bihar.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी) : महोदय, मधुबनी जिले का आदिकाल से ही विराट और समृद्ध इतिहास रहा है । सदियों से मिथिलांचल ज्ञान एवं कला की भूमि रही है । मिथिलांचल की हृदयस्थली मधुबनी का स्वर्णिम इतिहास रहा है । कालिदास ने यहां कुमार संभव और रघुवंश की रचना की । विद्यापति की रचना हर घर और जुबान पर अब भी विद्यमान है । यहां की धरती में असाधारण क्षमता है ।

यहां के छात्र दुनिया के विभिन्न देशों में कुशल चिकित्सक, इंजीनियर व शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं । शिक्षा के क्षेत्र में इतनी महत्वपूर्ण विशेषताओं एवं विशिष्ट उपलब्धियों के बावजूद शहर में एन.आई.टी.(नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) जैसे कोई तकनीकी संस्थान नहीं हैं, जिसके कारण आर्थिक रूप से पिछड़े अनेक छात्र शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं ।

अत: सरकार से सादर अनुरोध है कि कृपया मधुबनी के लिए एन.आई.टी. (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) स्वीकृत करने हेतु संबंधित को निर्देश देने की कृपा करें । इसके लिए समस्त जनपदवासी आपके आभारी रहेंगे ।

HON. CHAIRPERSON :

Shri Hasmukhbhai S. Patel Ji – Not Present.

Shri Dharambir Singh Ji – Not Present.

Shrimati Jaskaur Meena Ji

Please read from the text only.